कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602 AISHE Code : C-21647

दुर्ग, दिनांक : 22.08.2025

**//प्रेस विज्ञप्ति//**

**गर्ल्स कॉलेज में**

# ''सोशल मीडिया की सावधानियाँ'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ रजत जयंती के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग एवं साइबर सुरक्षा पुलिस विभाग के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. संकल्प राय, नोडल अधिकारी साइबर सेल दुर्ग द्वारा छात्राओं को साइबर खतरों और उनसे बचने के उपायों, साफ्टवेयर का अपडेट रखने संबंधी मजबूत पासवर्ड बनाये जाने, साइबर हेल्पलाईन की जानकारी, साइबर अपराध की शिकायत दर्ज कराने एवं उनके निवारण से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। साथ ही व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा, सोशल मीडिया की सावधानियाँ विषय पर डॉ. राय ने छात्राओं द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं महिला सशक्तिकरण केन्द्र, महिला शक्ति, सखी वन स्टॉफ सेन्टर, चाईल्ड हेल्पलाईन, पाक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा, बाल विवाह के रोकथाम से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे सोशल मीडिया के प्रयोग से सावधान सुरक्षित और जागरूक रहें तथा आस-पास के लोगों में भी जागरूकता फैलाये।

कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में आरिफ खान–साइबर विशेषज्ञ, सुश्री प्रीति बाला शर्मा–प्रोटेक्सन ऑफिसर, श्रीमती विनीता गुप्ता- जिला मिशन समन्वयक, शिल्पी उपाध्याय- वित्तीय साक्षरता समन्वयक, लक्ष्मीकांत यादव- जेण्डर विशेषज्ञ, श्रीमती सीता कन्नौजे आईसीपीएस एवं यंग इंडिया एनजीओ से प्रकृति अग्रवाल एवं सौम्या सिंग उपस्थित रहे।

उक्त कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ. के.एल. राठी, श्री डॉ. विजय कुमार वासनिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजूलता साव, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया। उक्त कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित थी।

***समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।***

डॉ. रंजना श्रीवास्तव
प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

# शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)




